बिहार सरकार
खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग

आदेश

श्री सुरेन्द्र राम, माननीय सदस्य, बिहार विधान सभा (क्षेत्र संख्या–119, गड़खा, सारण) ने अपने संदर्भ संख्या–170 दिनांक–07.09.2026 के माध्यम से प्रखंड–गड़खा, जिला–सारण में पदस्थापित प्रखंड आपूर्ति निरीक्षक/प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के विरूद्ध जन वितरण प्रणाली दुकानदारों से 50/– रूपये प्रति क्विंटल की दर से अवैध राशि की वसूली किये जाने संबंधी शिकायत/आरोप प्रतिवेदित करते हुए मामलों की उच्च स्तरीय जाँच कराने हेतु विभाग से अनुरोध किया गया है।

तद्‌आलोक में उक्त प्रतिवेदित शिकायत/आरोप की जाँच विभागान्तर्गत गठित उड़नदस्ता दल (विभागीय आदेश ज्ञापांक–5946 दिनांक–24.09.2026) यथा–श्री रवीन्द्र कुमार, संयुक्त सचिव, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार, पटना की टीम से कराये जाने का निर्णय लिया गया है।

अतः उक्त जाँच दल को निदेशित किया जाता है कि प्रस्तुत मामलों की जाँच कर तत्संबंधी जाँच प्रतिवेदन अविलंब उपलब्ध करायी जाय, ताकि ससमय अग्रेतर कार्रवाई की जा सके।

(उपेन्द्र कुमार)
सरकार के विशेष सचिव।

ज्ञापांक–प्र08–गो0आ0(विविध परिवाद)–15/2024 6609 खाद्य, पटना/दिनांक–26-10-2026

प्रतिलिपि – 1. जिला पदाधिकारी, सारण (छपरा) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
2. श्री रवीन्द्र कुमार, संयुक्त सचिव, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार, पटना (मोबाईल संख्या–9431600025) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
3. श्री राकेश रमण, महाप्रबंधक (ज0वि0प्र0), बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम, पटना (मोबाईल संख्या–6204498310) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
4. श्री विनोद कुमार तिवारी, विशेष कार्य पदाधिकारी, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार, पटना (मोबाईल संख्या–9572850833) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
5. जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सारण (छपरा)/अनुमंडल पदाधिकारी, छपरा सदर, सारण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
6. सचिव कोषांग/विशेष सचिव कोषांग/आई0 टी0 मैनेजर, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के विशेष सचिव।

ज्ञापांक–प्र08–गो0आ0(विविध परिवाद)–15/2024 6609 खाद्य, पटना/दिनांक–26-10-2026

प्रतिलिपि–श्री सुरेन्द्र राम, माननीय सदस्य, बिहार विधान सभा (क्षेत्र संख्या–119, गड़खा, सारण) निवास–ग्राम–रघुपुर, पो0–महमदपुर, थाना–गड़खा, जिला–सारण (छपरा), (मोबाईल संख्या–8210796920) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के विशेष सचिव।